अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक /1570/ परीक्षा–गोपनीय / 2020 बिलासपुर दिनांक 18/9/202

परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

(वर्ष 2019–20 की मुख्य परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने एवं जमा करने के संबंध मे।)

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर की वार्षिक परीक्षा 2019–20 की शेष परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका वितरण एवं जमा करने के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किये गये थे। आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनाय के पत्र क्रमांक 204 दिनांक 17.09.2020 द्वारा वार्षिक परीक्षाओं के संबंध में पुनः मार्ग–दर्शन जारी किया गया है। अतः वर्तमान में अपनाई जा रही प्रक्रिया में कोविड–19 संक्रमण से बचाव के मद्देनजर शासन के निर्देशों का कुछ महाविद्यालयों द्वारा पूर्णतः पालन नहीं किया जा रहा है। अतः ऐसी स्थिति में संक्रमण से बचाव के निर्देशों का पालन अनिवार्य है, इसी प्ररिप्रेक्ष्य में उक्त प्रक्रिया में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:–

उत्तर पुस्तिका का ऑनलाईने वितरण:–

- परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ जिस पर महाविद्यालय का केन्द्र क्रमांक लिखा हो महाविद्यालय की वेबसाईट / ई–मेल / व्हाट्सअप के द्वारा प्राप्त करेंगे।
- जिन परीक्षार्थियों ने अपने महाविद्यालय से उत्तर पुस्ताकाएं प्राप्त कर ली है, वो उत्तर पुस्तिकाएं भी उत्तर लिखने के लिए मान्य होंगी।

परीक्षार्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका जमा करने संबंधी:–

- परीक्षार्थी अपनी कक्षा की सम्पूर्ण परीक्षा समाप्त होने के बाद पांच दिवस तक लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को एक लिफाफे में बंद कर "डॉक द्वारा" अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को प्रेषित करेंगे।
- लिफाफे पर परीक्षार्थी अपना नाम, कक्षा का नाम, अपना रोल नंबर, नामांकन नंबर एवं विषयों के नाम स्पष्ट रूप से लिखेंगे।
- जिन परीक्षार्थियों ने लिखित उत्तर पुस्तिकाएं अपने महाविद्यालय में जमा कर दी हैं वे भी मान्य होंगी।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर।